मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **18.01.2020**

किसानों और युवाओं के लिए सरकार कृतसंकल्पित... हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री झारखण्ड

====================

विज्ञप्ति संख्या- 68/2020

मुख्यमंत्री आवास

====================

★हर दिन की तरह आज भी मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना और उसके निदान का भरोसा दिया

=====================

रांची

नई सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है। किसानों और युवाओं पर सरकार की खास नजर है। किसान हमारे राज्य और देश की अर्थव्यवस्था रीढ़ हैं। इनकी खुशहाली और विकास के लिए इन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की हमारी कोशिश है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इन तरीकों को एक्सप्लोर किया जा रहा है, जिससे उन्हें रोजगार उपलब्ध करा सकें। सभी जिलों में एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज को सुदृढ़ किया जाएगा। इससे युवाओं को इधर उधर न भटकना पड़े।

सोशल मीडिया के जरिए आ रही कई समस्याएं

श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सोशल मीडिया के जरिए व्यक्तिगत, सामाजिक, रोजगार से संबंधित, स्कूल से संबंधित एवं अन्य कई तरह की समस्याएं हम तक पहुंच रही, जिसके समाधान के लिए हम तत्पर हैं। हमारी सरकार ऐसी व्यवस्था की तैयारी में हैं, जहां अपनी समस्याओं से परेशान लोगों को उसका जल्द से जल्द समाधान मिल सके।

###

================

#Team PRD (CMO)